* Read our Privacy: http://www.horoscopecommunity.com/privacy
2015 की भविष्यवाणी खास आपके लिये इमेल द्वारा
Name: Enter your name Birthday: dd mm yyyy
E-mail: Enter your e-mail Gender: gender CONFIRM

बीए प्रथम वर्ष के छात्राओं का अभिवादन हुआ

बल्लभगढ़ | हमारे संवाददाता

अग्रवाल कॉलेज में शुक्रवार को बीए प्रथम वर्ष के छात्राओं के लिए अभिवादन समारोह का आयोजन किया गया। इसका आयोजन कॉलेज के प्रथम संभाग के सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान नवागन्तुक छात्रों को कॉलेज की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रॉचार्य डॉ.कृष्णकांत गुप्ता थे। सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों को जीवन मे सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित किया और बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ कॉलेज द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय उपयोगी कोर्सों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है और इन कोर्सों का लाभ लेकर भविष्य में कही भी किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।

डॉ. जयपाल सिंह ने विभिन्न क्लबों से अवगत कराया। डॉ. नरेश कामरा ने यूजीसी ग्रांट, स्कालरशिप और एड ऑन कोर्स की जानकारी दी। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. रामचंद्र ने सभी छात्रों को पुस्तकालयों के नियमों की जानकारी दी। डॉ. गीता गुप्ता ने सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ. जगवीर सिंह ने खेल कूद गतिविधियों की चर्चा की। रितु ने एनएसएस और महिला प्रकोष्ठ की जानकारी दी। डॉ. मनोज शुक्ला ने कैरियर काउंसलिंग की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में कमल टंडन, किरण आनंद, डॉ.नरेश कामरा, रितु आदि मौजूद रहे।